लवासा विमेन्स ड्राईव में बनाया गया रिकार्ड,
एलडब्ल्यूडी में हिस्सा लेकर 2011 महिलाओं ने मनाया अंर्तराष्ट्रीय महिला दिन

पुणे, 27 फरवरी, 2011: आज की ठंड़ी सुबह में सैकड़ों महिलाएं गोलीबार मैदान पर पहले लवासा विमेन्स ड्राईव में हिस्सा लेने के लिए जमा हुई थी। उल्हास से भरा वातावरण और लहराती हुई हवाओं ने मन प्रफुल्लित हो उठे थे। हर एक कार में क्वा नॅचरल मिनरल वॉटर की ओर से पानी की बोतल और एलडब्ल्यूडी गीत की सीडी दी गयी थी। कई प्रतियोगीयों ने अपनी कार को अलग-अलग ढंग से सजाया था। साथ ही, बेटी की रक्षा, बाघ के शिकार की रोकथाम, पानी और बिजली की बचत आदि कई सामाजिक संदेश भी इन कारों पर लिखे गये थे।

गायक अभिजीत सावंत, पॅन्टलून्स फेमिना मिस इंडिया 2009 पूजा चोपड़ा और अभिनेता नागेश भोसले ने पहली कार को हरी झंड़ी दिखायी। महिलाओं को होनेवाले कॅन्सर की पहले से जाँच की जानेपर ठीक किया जा सकता है और इस दिशा में किए जानेवाले प्रयासों को सहयोग प्रदान करने के लिए लोकप्रिय टेलिवीज़न अभिनेत्री नारायणी शास्त्री ने रोझी कार चलायी। इनके साथ-साथ वेदिता और शिल्पा शुक्ला, नयी मूवी भींडी बझार के कास्ट मेम्बर्स और आशियायी खेलों के लिए भारतीय टेनिस टीम के चीफ कोच नंदन बाल आदि गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम के लिए आए हुए थे।

पी. एन. गाडगील ज्वेलर्स के पार्टनर श्री सौरभ गाडगील ने बताया कि, *लवासा विमेन्स ड्राईव के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त होनो हमारे लिए बहुत की गर्व की बात है। हम कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी में विश्वास रखते हैं और इसी आधार पर इस ड्राईव को सहयोग प्रदान कर रहे हैं।*

पुणे के कॉन्क्रीट जंगल से निकलकर सभी प्रतियोगी महिलाएं लवासा की हरीभरी, सुंदर वादीयों में पहुंची। इस यात्रा में उन्होने ट्युलिप चार्ट और डब्ल्यूआयएए के नियमों का पालन किया। इस ड्राईव का फॉरमॅट टाईम-डिस्टन्स-स्पीड था। सभी प्रतियोगी महिलाएं एलडब्ल्यूडी गीत के सूरों पर झूमती हुई लवासा पहुंची।

इन महिला प्रतियोगियों को बधाईयां देने के लिए विवेक ओबेरॉय एक स्वॅन्की चॉपर से लवासा पहुंचे। उन्हें देखकर सभी खूशी से झूम उठें। लवासा में वॉटर स्पोर्ट्स्, चाट स्ट्रीट जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। साथ व्हीएलसीसी ने महिलाओं के लिए मसाज कॉर्नर भी लगाया हुआ था। शिबानी कश्यप और सुपास्टार्स ने अपने परफॉर्मन्स से सभी का मन मोह लिया। शिबानी ने अपनी युवा अदाकारी से पेश किए हुए एलडब्ल्यूडी गीत से सभी के दिल जीत लिए।

भाग्यशाली विजेताओं को अन्य इनामों के साथ ही फॅरेनहीट हॉटेल्स अॅन्ड रिसॉर्टस्, गोवा के हॉलिडे पॅकेज भी दिए जाएंगे। सर्व्हायकल कॅन्सर की दवाईयां बनानेवाली अग्रणी कंपनि एमएसडी फार्मास्युटीकल्स ने भी एलडब्ल्यूडी को सहयोग प्रदान किया है।

लवासा कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मार्केटींग विभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्षा श्रीमती अनुराधा पारसकर ने कहा कि, *मुंबई और पुणे से लवासा तक ड्राईव करते हुए आयी 2000 महिलाओं का स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है। संगीत और नृत्य में झूमती हुई इन महिलाओं को देखना अपने-आपने में एक अनोखा अनुभव है। लवासा विमेन्स ड्राईव के गीत के शीर्षक में वर्णन की हुई परिपूर्ण जीवन की संकल्पना का यथार्थ दर्शन आज यहां पर हुआ है। प्रभाव, अनुठापन, आगे बढने की शक्ति और फिर भी समाज के प्रति लगाव - लवासा ब्रॅन्ड की यह सभी विशेषताएं इस कार्यक्रम में दिखायी दी।*

बॉम्बे टाईम्स और लवासा कॉर्पोरेशन ने एकसाथ मिलकर यह पहल चलायी है। विमेन्स कॅन्सर इनिशिएटीव्ह टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल का सहयोग इसे प्राप्त है और इसके आयोजन में वेस्टर्न इंडिया ऑटोमोबाईल असोसिएशन का भी साथ है। यह टाईम्स रेड सेल की पहल है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया यहां संपर्क करें:

आनंद आर. अय्यर/सुचिता तुली बेनेट, कोलमन अॅन्ड कंपनी लिमिटेड मोबाईल: 98671 69672 / 98209 24380	अश्विन शेट्टी / उमेश कोळमकर लवासा कॉर्पोरेशन लिमिटेड मोबाईल : 9967024293 / 9821851399

	जशोदा माधवजी / चिन्मय शाह वैष्णवी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स मोबाईल: 9987274025/ 9867554173